भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1818

27 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

स्टील स्लैग का बना राजमार्ग

1818. डॉ. भारतीबेन डी. श्याल:
श्रीमती क्वीन ओझा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्टील स्लैग (धातु के कचरे से बना) से बना छह लेन का राजमार्ग, जो कि देश में अपनी तरह का पहला राजमार्ग है, उसका उद्घाटन सूरत में किया गया है और यह गुजरात में पत्तन को शहर से जोड़ेगा;

(ख) यदि हां, तो देश में किन स्थानों पर इस प्रकार की सड़क बनाने का प्रस्ताव है और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रकार की सड़कों की मुख्य विशेषताओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) गुजरात के हज़ीरा में एएम/एनएस संयंत्र को राज्य राजमार्ग से जोड़ने वाली एक कि.मी. लम्बी छह लेन का टेस्ट रोड सेक्शन इस्पात स्लैग से बनाया गया है।

(ख) इस्पात मंत्रालय के पास ऐसे किसी सड़क निर्माण का प्रस्ताव नहीं है।

(ग) इस टेस्ट रोड सेक्शन में, प्राकृतिक एग्रीगेट्स के स्थान पर एएम/एनएस संयंत्र से प्रसंस्कृत इलैक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) के इस्पात स्लैग का उपयोग किया गया है।

*****